# कार्यालय प्रभारी गैराज, नगर निगम,सहारनपुर।

पत्रांकः 03 /निविदा/गै०स्टो०/न०नि०सहा०/2022-23 दिनांकः 24/08/2022.

## अति अल्पकालिक निविदा सूचना द्वारा ई-टैण्डर

नगर निगम सहारनपुर द्वारा गत् वर्षो की भाँति इस वर्ष भी जाहरवीर शिरोमणि गुग्गावीर जी की स्मृति में उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला गुघाल 2022 को आयोजन किया जा रहा है। जिस हेतु मेला गुघाल परिसर एवं मेला म्हाडी पर सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था, कीटनाशकों के छिडकाव एवं फॉगिंग सम्बन्धित कार्य हेतु इच्छुक अनुभवी फर्मे/ठेकेदार दिनांक 30.08.2022 को अपराह 02:00 बजे तक वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर निविदांए ठेकेदार/फर्मो से निर्धारित शर्तो के आधार पर आमन्त्रित की जाती है। सभी निविदांए अभिलेख एंव शर्ते वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक 25.08.2022 से दिनांक 30.08.2022 को अपराह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है, तथा ठेकेदार/फर्म दिनांक 25.08.2022 को अपराह 02:00 बजे तक वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर आनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है, ठेकेदार/फम को निविदा के साथ अंकन रुपये 35,000/- (पैंतीस हजार रुपये) जमानत राशि की एफ०डी०आर०/एन०एस०सी./सी०डी०आर० एंव निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट के रुप में जो लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के पक्ष में बंधक करा कर शर्तो में वर्णित समस्त प्रमाण पत्रो की छायाप्रति सहित स्वंय प्रमाणित कर दिनांक 30.08.2022 को अपराह 03:00 बजे तक प्रभारी गैराज के कार्यालय में रखे टैण्डर बाक्स में डालने होगें जोकि निविदादाता की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष दिनांक 30.08.2022 को सांयकाल 04:00 बजे खोले जायेगें। बिना जमानत राशि एंव सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, सहारनपुर में निहित होगा। निविदा सम्बन्धित कोई भी जानकारी गैराज स्टोर में किसी भी कार्यशील दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E Bid REFERANCE | GS/Mela/2022-23/01 |
| PUBLISH DATE AND TIME FOR RFP | 25-08-2022 up to 5:00 PM |
| LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF E-Bids | 30-08-2022 at 2:00 PM |
| DATE AND TIME OF OPENING OF ON LINE TECHNICAL E-Bids | 30-08-2022 at 4:00 PM |
| PLACE OF OPENING OF E-Bids | Nagar Nigam Office (Sre.) |
| E-Bids SECURITY | 35,000/- for FDR |
| E-Tender Document Processing | 590/- DD (अप्रतिदेय) |

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम,सहारनपुर

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम,सहारनपुर

पत्रांक एंव दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि -

1. माननीय महापौर महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
3. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को सूचनार्थ।
4. आई.टी.ओ., नगर निगम, सहारनपुर, को नगर निगम की वेबसाईट **saharanpurnagarnigam.com** पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रबन्धक दैनिक ....जागरण............एंव दैनिक ...शाह टाईम्स........... समाचार पत्र को इस आश्य से कि उक्त सूचना का प्रकाशन अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेस में 09 फोन्ट में डीएवीपी दर/शासकीय दर पर प्रकाशित कर, बिल 03 प्रतियो सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। अधिक फोन्ट में प्रकाशन किये जाने पर भुगतान नही किया जायेगा। जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नही होगा।
6. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
7. गार्ड फाईल हेतु।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम,सहारनपुर

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम,सहारनपुर

# विस्तृत शर्तें

**शर्तें बाबत मेला गुघाल वर्ष 2022 में म्हाडी मेला एवं मेला परिसर की सफाई व्यवस्था हेतु।**

1. उपरोक्त निविदा ई-टैण्डर के माध्यम से प्राप्त की जानी है। वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर निविदांए मय जी0एस0टी0 दर प्राप्त की जानी है।
2. सहारनपुर के सुप्रसिद्ध मेला गुघाल वर्ष 2022 दिनांक 05.09.2022 से संपूर्ण मेला परिसर मार्गों पर सफाई व्यवस्था व फोगिंग एवं कीटनाशक दवाइयों व चुना पाउडर का छिड़काव कराये जाने एवं रंगोली आदि बनवाने की जिम्मेदारी न्यूनतम निविदादाता की होगी।
3. मेला दिनांक 05.09.2022 से प्रारंभ हो रहा है। उपरोक्त कार्य मेला प्रारंभ होने से 01 दिन पूर्व प्रारंभ करना होगा तथा मेला समापन होने के 01 दिन पश्चात् तक मेले परिसर मे सफाई सम्बन्धि कार्य करना होगा।
4. फोगिंग हेतु मशीन व ड्राइवर निगम का होगा एवं दवाई व डीजल आदि पर व्यय न्यूनतम निविदादाता का होगा इसी प्रकार कीटनाशक दवाई हेतु स्प्रे मशीन आदि नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी एवं छिड़काव करने वाला कर्मचारी न्यूनतम निविदादाता का होगा।
5. निविदादाता को निर्धारित मूल्य की डी0डी0 लेखाधिकारी के नाम देना होगा।
6. निविदा के साथ निविदादाता को आगणन राशि का 10 प्रतिशत एफ.डी.आर. लेखाधिकारी नगर निगम सहारनपुर के नाम बंधक करानी अनिवार्य होगी।
7. निविदादाता को निविदा के साथ चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन, कार्य के अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाता को नगर पालिका परिषद/नगर निगम/सरकारी संस्थाओं में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. निविदादाता/फर्म को यह घोषित करना होगा की फर्म/कम्पनी को किसी भी सरकारी विभाग द्वारा ब्लैकलिस्टेड नही किया गया है।
10. सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार को उनकी निविदा स्वीकृत होने पर निर्धारित मूल्य के स्टॉम्प पेपर पर नियामानुसार अनुबन्ध कराना होगा।
11. न्यूनतम निविदादाता को उक्त कार्य के दौरान नगर निगम सहारनपुर द्वारा कोई भी अग्रिम भुगतान नही किया जायेगा।
12. कार्य के समय स्वीकृत निविदादाता/उसके श्रमिक के साथ कोई घटना/दूर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी स्वीकृत निविदादाता की होगी।
13. नियमानुसार देय कर अदा करने की जिम्मेदारी स्वीकृत निविदादाता की होगी।
14. यह की मेला अवधि तक सफाई कार्य चूना फोगिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिडकाव में कमी पायी जाने पर सक्षम अधिकारी की आज्ञा अनुसार बिल से कटौती की जायेगी।
15. स्वीकृत निविदादाता कीटनाशक दवाओं ब्लीचिंग पाउडर, मैलाथियान पाउडर, चूना पाउडर, किंगफॉग आदि स्वयं क्रय करेगा। क्रय के बाद उक्त दवाओं का प्रयोग करने से पूर्व सत्यापन सम्बन्धित मुख्य सफाई निरीक्षक द्वारा किया जायेगा। तदोपरान्त ही कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया जा सकेगा।
16. स्वीकृत निविदादाता को अपने श्रमिक मय उपकरण (झाड़ू, तसला, फावडा, मास्क, गलब्स आदि) उपलब्ध कराने होगें।
17. न्यूनतम निविदाता को म्हाडी मेला परिसर में मेला अवधि तथा 24 घन्टे तीन शिफ्ट में सफाई चूना आदि एवं झाड-फूक की सफाई कर नियत स्थान पर कूडा करकट इक्ट्ठा करना होगा, तथा निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहनों से उठवाना होगा।
18. निविदादाता अपने सफाई कर्मियों को ड्रेस में रखेगें, वह सफाई कर्मियों की ड्रेस का नमूना नगर स्वास्थ्य अधिकारी से प्रमाणित करायेगें।

19. न्यूनतम निविदादाता को मेला गुघाल परिसर व मार्गों पर प्रतिदिन सुबह-शाम दोनो समय विशेष सफाई करानी होगी एवं मेला शुरु होने से रात्रि में समाप्त होने तक अपने स्वच्छताकर्मी तैनात रखने होगें एवं नियत/उचित स्थान पर कूडा करकट इक्ट्ठा कर नगर निगम से प्राप्त वाहनों सें उठवाना होगा।
20. न्यूनतम निविदादाता को प्रतिदिन सफाई के साथ-साथ चूना, फॉगिंग एवं कीटनाशक दवाईयों का छिडकाव कराना होगा एवं आवश्यकतानुसार एवं निगम अधिकारीयों के निर्देशानुसार रंगोली आदि भी बनवानी होगी।
21. स्वीकृत निविदादाता को उक्त सफाई आदि के कार्य हेतु कम-से-कम 25 सफाई श्रमिक प्रतिदिन मेला अवधि तक लगाने होंगें एवं कार्य की आवश्यकता के अनुसार श्रमिकों की संख्या को बढाना होगा।
22. न्यूनतम निविदादाता को सम्बन्धित सफाई निरीक्षक/मुख्य सफाई निरीक्षक प्रथम/द्वितीय एवं उच्च अधिकारीयों के निर्देशानुसार समस्त कार्य करना होगा।.
23. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा बिना कारण बनाये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय मे निहित होगा।
24. कीटनाशकों का उपयोग मानक के अनुरुप किया जाना होगा एवं सभी शर्तों के अनुरुप कार्य किया जाना होगा अन्यथा की दृष्टि में निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुये, काली सूची में डाल दिया जायेगा।
25. शर्त पूरी नही करने वाली निविदा एवं सशर्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा और उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
26. किसी भी विवाद की स्थिति मे वाद का निस्तारण सहारनपुर न्यायालय में ही होगा।

जैड0एस0ओ0
नगर निगम सहारनपुर

23.08.2022

23/8/22
डा० कुनाल जैन
नगर स्वास्थ्य अधिकारी

23.8.22
राजेश कुमार यादव
वरिष्ठ प्रभारी गैराज/
अपर नगर आयुक्त